रायगढ़, सोमवार
15.01.2018
कार्तिक कृष्ण 11
देव उठनी एकादशी
पृष्ठ 8, मूल्य 3

# साप्ताहिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com

» वर्ष-1 » अंक - 28 »

3 देखें... 6 देखें मनोरंजन में ....

## अंतर्राष्ट्रीय खबरें

### 10वीं अनुत्तीर्ण के लिए जारी होगा नारंगी पासपोर्ट

तिरुवनंतपुरम **आरएनएस)**। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमेन चांडी ने सोमवार को केंद्र द्वारा प्रस्तावित नए पासपोर्ट को लेकर नाराजगी जाहिर की है। ओमान चांडी ने केंद्र के द्वारा 10 अनुत्तीर्ण नागरिकों के लिए नारंगी पासपोर्ट जारी करने के प्रस्ताव को भेदभावपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से भारतीय नागिरकों को दो तरह से विभाजित किया जा रहा है एक शिक्षा के आधार पर और दूसरा बिना शिक्षा के आधार पर। उन्होंने आगे कहा कि अगर यह प्रस्ताव वास्तविकता का रुप लेती है तो नारंगी पासपोर्टधारकों के लिए विदेशों में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। दूसरे देशों में उनके पासपोर्ट के आधार पर उनके साथ गलत व्यवहार किया जाएगा जिसका प्रभाव उनके चरित्र और व्यक्तित्व पर उल्टा पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं किया जाना चाहिए। चांडी ने आगे कहा कि हमारे कई देशवासियों ने मध्य-पूर्व देशों में कई कठिन परिस्थितियों में भी कठोर परिश्रम किया है और उनकी कड़ी मेहनत राज्य और देश की प्रगति में सहायक होती है। केंद्र सरकार के प्रवास विभाग के प्रमुख इरुदायराजन ने भी सरकार के इस प्रस्तावित कदम की निंदा की। उन्होंने कहा, हमारे अध्ययन के अनुसार, केरल की जनसंख्या 2.5 मिलियन का लगभग 15 प्रतिशत कक्षा 10वीं उत्तीर्ण नहीं है तो दूसरे देशों में यह आंकड़ा 50 प्रतिशत से भी अधिक होगा। शिक्षा के आधार पर नागरिकों को बांटने की नीति सबसे आखिरी है और इसे तत्काल दूर किया जाना चाहिए।

### नीतीश के काफिले पर हमला मामले में 10 महिला सहित 28 गिरफ्तार

पटना,**(आरएनएस)**। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफिले पर गत शुक्रवार को हुए हमले के सिलसिले में बक्सर पुलिस ने 10 महिलाओं सहित 28 लोगों को गिरफ्तार किया है। बक्सर के पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने आज फोन पर बताया कि मुख्यमंत्री के काफिले पर पथराव मामले में अब तक 28 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें 18 पुरुष और 10 महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में 99 नामजद और 500-700 अज्ञात लोगों के खिलाफ डुमराव थाने में कुल पांच प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं जिनमें से 28 लोग गिरफ्तार कर लिए गए हैं और बाकी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। इस बीच, पटना प्रमंडल के आयुक्त आनंद किशोर जिन्होंने पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक नैयर हसनैन खान के साथ कल वारदात स्थल का दौरा किया था, ने बताया कि यह पता लगाए जाने के लिए कि यह हमला सुनियोजित था अथवा नहीं और अगर था तो इसके पीछे कौन लोग थे, मामले की विस्तृत जांच की जाएगी। अपनी समीक्षा यात्रा के क्रम में गत शुक्रवार को बक्सर जिले के नंदन गांव पहुंचे नीतीश के काफिले पर स्थानीय लोगों द्वारा पथराव किया गया जिसमें मुख्यमंत्री तो बाल बाल बच गए थे पर कई सरकारी कर्मी घायल हो गए थे तथा कुछ वाहनों को क्षति भी पंहुची थी। अपुष्ट रिपोर्टों के अनुसार उक्त गांव के दलित अपनी शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंचाना चाहते थे पर प्रशासन के कथित तौर पर ऐसा करने की अनुमति दिए जाने से इनकार कर दिये जाने पर वे उग्र हो गए थे। इस बीच, विपक्षी राजद जिस पर इस हमले के पीछे होने का सत्तारूढ़ जदयू और भाजपा द्वारा आरोप लगाया जा रहा है, ने इस वारदात के बाद पुलिस कार्रवाई की आलोचना की है। राजद के वरिष्ठ नेता जगदानंद सिंह, जो कि पूर्व में बक्सर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं आज नंदन गांव का दौरा किया और राज्य सरकार पर गरीबों की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि हम सरकार को चेतावनी देना चाहेंगे कि राजद गरीब एवं दलितों के खिलाफ अन्याय बर्दाश्त नहीं करेगा। ये गरीब लोग अपने इलाके के विकास के लिए मुख्यमंत्री से आश्वासन का मात्र एक शब्द चाहते थे।

### चारा घोटाले में कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश हुए लालू प्रसाद यादव

रांची ,**(आरएनएस)**। डोरंडा कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित चारा घोटाले के मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव आज कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट पहुंचे। सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश प्रदीप कुमार की आदालत में लालू प्रसाद पेश हुए। इसके बाद लालू हाजिरी लगाकर कोर्ट से निकल आए। इससे पहले दुमका कोषागार से अवैध निकासी मामले में लालू प्रसाद यादव, जगदीश शर्मा, आरके राणा सहित अन्य आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश हुए। अधिवक्ताओं ने बताया कि सीबीआई के विशेष न्यायाधीश शिवपाल सिंह की अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लालू सहित अन्य आरोपियों को पेश किया गया। दुमका कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित चारा घोटाले की सुनवाई सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश शिवपाल सिंह की अदालत में हुई। अदालत ने आरोपियों को बचाव साक्ष्य प्रस्तुत करने का अंतिम मौका दिया गया था। मामले में एक आरोपी ने अदालत में आवेदन देकर 16 जनवरी को साक्ष्य प्रस्तुत करने का भी समय लिया है। अन्य आरोपियों के लिए अंतिम मौका था।

# हैदराबाद हाउस में हुई मोदी-नेतन्याहू की मुलाकात

नई दिल्ली, **(आरएनएस)**। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और नरेंद्र मोदी की सोमवार को हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। यहां कई अहम समझौतों पर मुहर लग सकती है। इससे पहले नेतन्याहू को राष्ट्रपति भवन में रिसेप्शन दिया गया। नेतन्याहू ने कहा कि ये भारत-इजरायल के रिश्तों में नए युग का सवेरा है। नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी दी। नेतन्याहू रविवार को 6 दिन के दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे थे। दोनों नेताओं ने तीन मूर्ति हाइफा चौक पर शहीदों के श्रद्धांजलि दी। भारत-इजरायल की दोस्ती को समर्पित चौक के नए नाम में हाइफा (इजरायली शहर) शब्द जोड़ा गया। इसके बाद मोदी ने नेतन्याहू के सम्मान में डिनर दिया। 15 साल बाद भारत आने वाले पहले पीएम यह 15 साल में किसी इजरायली पीएम का दौरा है। इससे पहले 2003 में पीएम एरियल शेरॉन भारत आए थे। नेतन्याहू का यह दौरा भारत-इजरायल की दोस्ती के लिहाज से अहम है, क्योंकि यूएन में भारत ने येरूशलम को राजधानी घोषित करने के खिलाफ वोट किया था। कुछ दिन पहले भारत ने इजरायल के साथ 3181 करोड़ रु. की एंटी टैंक स्पाइक मिसाइल डील और रॉफेल वेपंस डील



निरस्त कर दी थी। हालांकि अब कहा जा रहा है नेतन्याहू, मोदी के साथ इस डील को दोबारा कन्फर्म कर सकते हैं। इसके तहत इजरायल, भारत को 8000 एंटी टैंक स्पाइक मिसाइल देगा। इस दौरे पर भारत, इजरायल के बीच 445 करोड़ रु. के जमीन से हवा में मार करने वाली 131 मिसाइलों समेत अन्य समझौते होंगे। भारत को पाक सीमा पर चौकसी के लिए स्मार्ट बाड़ देगा भारत ने पठानकोट हमले के बाद पाकिस्तान सीमा पर स्मार्ट बाड़ लगाने का फैसला किया था। इस स्मार्ट बाड़ की टेक्नोलॉजी इजरायल, भारत को दे रहा है। स्मार्ट बाड़ इजरायल ने अरब देशों के साथ लगती अपनी 200 किमी की सीमा पर लगा रखी है। वह हवा में खतरे की वॉर्निंग एंड कंट्रोल करने वाला सिस्टम अवाक्स दे रहा है। 2017 में भारत-इजरायल की दोस्ती को 25 साल पूरे हो गए। दोनों देशों ने इसे सेलिब्रेट किया। पीएम मोदी इजरायल गए। वे इजरायल जाने वाले पहले पीएम थे। नेतन्याहू का यह दौरा भी इस दोस्ती को केंद्र में रखकर हो रहा है। यह दोस्ती 1999 में परवान चढ़ी, जब करगिल जंग के दौरान इजरायल ने भारत को सिर्फ एक बार कहने पर लेजर गाइडेड बम और मानवरहित प्लेन मुहैया कराया था। बड़ी मात्रा में गोला-बारूद भी दिया। भारत हर साल इजरायल से 6400 करोड़ के हथियार लेता है दोनों देशों के रक्षा, कृषि, साइबर सिक्युरिटी, मेडिसिन, सिनेमा, जल, रक्षा, फूड इंडस्ट्री, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, व्यापार आदि क्षेत्रों में नए समझौते हो सकते हैं। भारत और इजरायल के बीच हर साल करीब 25,452 करोड़ रु. का कारोबार होता है। भारत हर साल करीब 6400 करोड़ रु. के हथियार इजरायल से खरीदता है। सोमवार को नेतन्याहू ने कहा कि दोनों के मजबूत रिश्तों की शुरुआत मोदी के ऐतिहासिक इजरायल दौरे से हुई थी। उस यात्रा ने जोश भर दिया। ये मेरी विजिट तक जारी है। मैं, मेरी पत्नी और इजरायल के लोगों की तरफसे शुक्रिया अदा करता हूं। दोनों देशों के बीच पार्टनरशिप से लोगों की तरक्की और शांति आएगी। भारत और इजरायल के बीच दोस्ती का ये रिश्ता नए युग की शुरुआत है। नेतन्याहू ने कहा कि हम भारत के यूएन में हमारे खिलाफ दिए गए वोट से नाखुश हैं लेकिन एक वोट से ही हमारे रिश्ते तय नहीं होते। बता दें कि अमेरिका ने येरूशलम को इजरायल की राजधानी घोषित किया था। यूएन में भारत समेत 127 देशों ने इसका विरोध किया था। देखने वाली बात ये है कि दोनों देशों, दोनों देशों के लोगों और नेताओं के बीच रिश्ते हैं। भारत-इजरायल की पार्टनरशिप को आप कह सकते हैं कि शादियां तो स्वर्ग में तय होती हैं लेकिन रिश्ते पर मुहर धरती पर लगती है। मोदी एक महान नेता हैं। वे अपने लोगों का भविष्य सुधारने के लिए बहुत उतावले हैं। नेतन्याहू ने ये भी कहा कि दोनों देशों के कोऑपरेशन से टेक्नोलॉजी, एग्रीकल्चर और दूसरे क्षेत्रों में रिश्ते मजबूत होंगे।

### ब्रिटेन का स्कूल बच्चों के रोजा रखने पर चाहता है प्रतिबंध

लंदन, **(आरएनएस)**। ब्रिटेन के जाने माने सरकारी वित्तपोषित स्कूलों में से एक स्कूल ने बच्चों के हिजाब पहनने और रमजान के दौरान रोजा रखने पर सरकार को कड़ा रुख अपनाने की अपील की है। पूर्वी लंदन के न्यूहैम स्थित सेंट स्टीफेंस स्कूल देश में ऐसा पहला स्कूल बन गया है जिसने वर्ष 2016 में आठ साल तक की लड़कियों के हिजाब पहनने पर रोक लगा दी थी। इतना ही नहीं स्कूल सितंबर 2018 से इसे 11 वर्ष तक की लड़कियों के लिये प्रतिबंधित करने का इरादा रखता है। स्कूल ने अपने परिसर में रमजान के दौरान रोजा रखने पर भी कड़ा नियम लागू किया है। इस स्कूल में अधिकतर छात्र भारतीय, पाकिस्तानी या बांग्लादेशी मूल के हैं और इसका नेतृत्व भारतीय मूल की प्रधानाध्यापिका नीना लाल करती हैं। स्कूल चाहता है माता पिता की विरोधात्मक प्रतिक्रिया को रोकने के लिये सरकार स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करे। स्टीफेंस स्कूल में गवर्नरों के अध्यक्ष आरिफ कवी ने 'द संडे टाइम्स को बताया कि विभाग को इस संबंध में आगे बढ़ना चाहिए और हर स्कूल को यह बताना चाहिए कि इसे (रोजा) कैसा किया जाए। यही चीज हिजाब के लिये भी हो।

### ट्रंप ने किम के साथ 'अच्छे सबंध होने की खबर को किया खारिज

वॉशिंगटन,**(आरएनएस)**। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आज इस बात से इनकार किया कि उन्होंने एक प्रमुख अखबार को उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन के साथ अपने 'अच्छे संबंध होने की बात कही। ट्रम्प ने कहा कि 'फर्जी खबर में उन्हें गलत तरह से उद्धृत किया गया है। गौरतलब है कि गत गुरूवार को 'वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी एक खबर में कहा था कि ट्रम्प ने आपसी मतभेदों के बावजूद उत्तर कोरिया के नेता के साथ सकारात्मक संबंध विकसित कर लिए हैं। खबर के अनुसार ट्रम्प ने कहा था, 'मेरे संभवतः किम जोंग उन के साथ काफी अच्छे संबंध हैं। मेरे लोगों के साथ संबंध हैं। मुझे लगता है कि आप लोग हैरान हैं। ट्रम्प ने कहा कि अखबार को अच्छी तरह पता था कि उन्होंने क्या कहा था लेकिन वह केवल



फर्जी खबर चाहता था। उन्होंने कहा, 'वॉल स्ट्रीट जर्नल ने गलत तरीके से बताया कि कि मैंने उनसे कहा कि मेरे किम जोंग उन के साथ अच्छे संबंध हैं। साफ तौर पर मैंने ऐसा नहीं कहा था। राष्ट्रपति ने कहा, 'मैंने यह कहा था कि मेरे पूर्व में किम जोंग उन के साथ अच्छे संबंध थे, दोनों में बड़ा अंतर है।

## ड्रोन हमले में 17 आतंकी ढेर

काबुल, **(आरएनएस)**। अमेरिका द्वारा अफगानिस्तान में ड्रोन हमले में 17 आतंकियों के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि मारे गए आतंकी इस्लामिक स्टेट के हैं। यह ड्रोन हमला अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में हुआ। स्थानीय न्यूज चैनल ने पुलिस के हवाले से बताया कि रविवार को प्रांत के हास्का मीना और अचिन जिले में ड्रोन हमला किया गया। बयान में कहा गया कि 14 आतंकियों को हास्का मीना में मार गिराया गया और 3 आतंकी अचिन में मारे गए। इससे पहले यह भी कहा जा रहा था कि नंगरहार प्रांत आतंकियों को लेकर काफी समय से अमेरिकी सुरक्षा बलों के निशाने पर है। नंगरहार उन प्रांतों में से है, जहां अमेरिकी सुरक्षा बल लंबे समय से आतंक के खिलाफ युद्ध में अफगानिस्तान की सेना का साथ दे रहे हैं। रिपोट्र्स की मानें तो अमेरिका के युद्ध प्लेन कई बार एयरस्ट्राइक कर चुके हैं, वहीं इसकी स्पेशल फोर्स ग्राउंड ऑपरेशन भी करती रही हैं। अगस्त में राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा अफगानिस्तान को लेकर अमेरिका की रणनीति सामने आई थी। जिसमें तालिबान के खिलाफ सुरक्षा बलों को कार्रवाई तेज करने को कहा गया था। इसके अलावा क्षेत्र में सैनिकों की संख्या बढ़ाने की बात भी कही गई थी। फिलहाल, 14,000 अमेरिकी सैनिक अफगानिस्तान में तैनात हैं।

### भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक से 2 लाख की ठगी

मुंबई ,**(आरएनएस)**। भारतीय मूल के एक ब्रिटिश के नागरिक के साथ कथित रूप से एक महिला द्वारा मुंबई में ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। पीड़ित जसपाल बंसल के अनुसार, एक महिला उनका वीजा बढ़वाने के एवज में 2 लाख रूपये लेने के बाद गायब हो गई है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, जसपाल बंसल जुलाई में व्यक्तिगत यात्रा पर भारत आए थे और एक महीने के लिए अपना वीजा बढ़वाना चाहते थे। उन्होंने आगे बताया कि, अंधेरी के एक होटल में रहने के दौरान उनकी मुलाकात आरोपी महिला से हुई, जिसने दावा किया कि भारतीय दूतावास में उसकी जानकारी है और वह उनका वीजा बढ़वाने में मदद कर सकती है। जिसके लिए उसने 2 लाख रूपये की मांग की और रूपये लेने के बाद गायब हो गई। जब पीड़ित ने आरोपी महिला से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, तो महिला ने उन्हें धमकाया। बंसल की शिकायत पर जुहू पुलिस ने आईपीसी धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अपनी हरकतों से बाज आए 'पाक नहीं तो सुधार देंगे

नयी दिल्ली, **(आरएनएस)**।



70वें आर्मी दिवस के मौके पर आर्मी चीफ बिपिन रावत ने जवानों के जज्बें को सलाम करते हुए पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा और कहा कि अपनी हरकतों से बाज आ जाओ वरना छोड़ेंगे नहीं। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को सुधर जाने की नसीहत भी दी। आर्मी चीफ ने कहा कि पाकिस्तान हमे मजबूर न करें वरना कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ उन्होंने पाक सेना पर घुसपैठियों की मदद करने का आरोप भी लगाया। आर्मी दिवस के मौके पर बिपिन रावत ने सेना के जवानों को मेडल्स से सम्मानित किया। बिपिन रावत ने कहा कि पाकिस्तान लगातार संघर्षविराम का उल्लंघन करता रहा है। हालांकि सेना हर चुनौती के लिए तैयार है। गौरतलब हैं कि सोमवार को ही पाक की ओर से उरी में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए जैश-ए-मोहम्मद के 5 आतंकियों को मार गिराया था।

### 162 यात्रियों से भरा विमान खाई में जा फिसला, सभी यात्री सुरक्षित

तुर्की,**(आरएनएस)**। ट्रबजोन एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान एक विमान रनवे से फिसलकर खाई में जा फिसला। बता दें बोइंग 737-800 तुर्की की अंकारा से उड़ान भरी थी जो कि 90 मिनट बाद ट्रबज़ोन एयरपोर्ट पर लैंड होनी थी। इस दौरान विमान में 4 क्रू मेंबर्स और 2 पायलट समेत करीब 168 यात्री सवार थे। गनीमत यह रही कि विमान में मौजूद सभी 168 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। बताया जा रहा है कि विमान थोड़ा और आगे जाता तो यह समुद्र में भी जा सकता था। खबरों की मानें तो रनवे से फिसलने के बाद विमान के टायर कीचड़ में धसते चले गए। इस वजह से विमान पानी में जाने से पहले ही रुक गया। लोगों को निकालने के बाद जब विमान की हालत देखी गई तो पता चला कि इस हादसे में विमान की नोज को काफी नुकसान पहुंचा है। विमान में मौजूद लोगों ने कहा कि यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि इस हादसे के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। यात्रियों का कहना था कि ऐसे हादसे के बाद विमान समुद्र में जा सकता था या उसमें आग लग सकती थी।

### विवादित टिप्पणी पर ट्रंप की सफाई, कहा- मैं नस्लवादी नहीं

वॉशिंगटन,**(आरएनएस)**। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कुछ देशों के प्रवासियों के खिलाफ दिए कथित आपत्तिजनक बयान के बाद



उत्पन्न विवाद को खत्म करने की मांग करते हुए कहा कि वह नस्लवादी नहीं हैं। द्विदलीय समूह के सांसदों के साथ पिछले सप्ताह हुई एक बैठक में उन्होंने कहा था कि बैठक में शामिल कुछ प्रतिभागी खास घटिया देशों के इमीग्रेशन के लिए दबाव डाल रहे हैं। ट्रंप को जिस कथित टिप्पणी के खिलाफ व्यापक स्तर पर आलोचना का सामना करना पड़ा, वह उन्होंने इमीग्रेशन में सुधारों को लेकर सांसदों के साथ गुरुवार को हुई बैठक में की थी। फ्लोरिडा में सदन में सत्तापक्ष के नेता केविन मैक्कार्थी के साथ रात्रि भोज के लिए ट्रंप इंटरनैशनल गोल्फ कोर्स जाते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने पत्रकारों से कहा, 'नहीं-नहीं मैं नस्लवादी नहीं हूं...जितने भी लोगों का आपने अभी तक साक्षात्कार किया होगा उनमें से मैं सबसे कम नस्लवादी व्यक्ति हूं। यह मैं आपको बता सकता हूं। ट्रंप की नस्लवादी टिप्पणी को लेकर उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों द्वारा की जा रही आलोचना के संबंध में किए गए सवाल पर उन्होंने (ट्रंप ने) यह प्रतिक्रिया दी।

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए तत्काल संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400